आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने समाज के विकास के लिए सामुदायिक भावना और धार्मिक सद्भाव के साथ एकजुट होने का आह्वान किया है।
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– विकसित भारत–जी राम जी योजना मनरेगा की कमियों और अनियमितताओं को दूर करेगी।
- पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग ने पेट्ट शो के माध्यम से पशुओं में टीकाकरण और जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को अनिवार्य बनाने पर जोर दिया।
- एम.वी. स्वराज द्वीप की बैरन द्वीप के लिए कल 'न्यू ईयर वॉयेज' की सेवा उपलब्ध कराई गई है।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने समाज के विकास और कल्याण के लिए सामुदायिक भावना और धार्मिक सद्भाव के साथ एकजुट होने का आह्वान किया है। वे कल तिरुवनंतपुरम के एलएमएस चर्च परिसर में क्रिसमस और नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित त्रिवेंद्रम फेस्ट 2025 नामक एक सभा में शामिल हुए थे। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा कि लोकतंत्र, सांप्रदायिक सद्भाव और विकास की सच्ची भावना तभी दिखाई देती है, जब लोग धार्मिक त्योहारों को एक साथ मनाते हैं। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने सभा में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लैटिन आर्चडायोसीस के आर्कबिशप थॉमस जे. नेटो ने की। इनके अलावा महापौर वी.वी. राजेश, बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के मेट्रोपॉलिटन सैमुअल मार थिलोफिलोस, शांतिगिरि आश्रम के महासचिव गुरुरत्नम ज्ञान तपस्वी और पलायम इमाम वी.पी. सुहैब मौलवी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। आज उपराष्ट्रपति वर्ककला में 93वीं शिवगिरि तीर्थयात्रा में भाग लेंगे। इसके बाद वे तिरुवनंतपुरम के मार इवानियोस कॉलेज की प्लेटिनम जयंती के समापन समारोह पर आयोजित सार्वजनिक सभा का उद्घाटन करेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं से विकसित भारत क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत युवा नेता संवाद 2.0 देश के युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक शानदार अवसर है।

उन्होंने कहा कि युवाओं के विचार और अंतर्दृष्टि विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। प्रतियोगिता अगले साल 10 से 12 जनवरी तक आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने मनरेगा योजना में मौजूद विभिन्न कमियों और अनियमितताओं को दूर करने के लिए एक नया कानून 'विकसित भारत–जी–राम–जी' पेश किया है। उत्तराखंड के गौचर में राज्य स्तरीय किसान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा में 100 दिनों का रोजगार दिया जाता था। नए कानून में इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से कल प्रदर्शनी मैदान में पेट्ट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विभाग की सचिव पल्लवी सरकार, ने किया। कार्यक्रम के दौरान अंडमान निकोबार पुलिस और वन विभाग के प्रशिक्षित कुत्तों ने अपने अनुशासन और सुरक्षा कौशल का प्रदर्शन किया। इसमें कुल 55 पालतू जानवरों ने चार श्रेणियों में भाग लिया। इस शो के माध्यम से विभाग ने पशुओं में टीकाकरण और पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नसबंदी को अनिवार्य बनाने पर बल दिया। उन्होंने विदेशी नस्लों को खरीदने के बजाय देसी नस्लों को गोद लेने की अपील की। विभाग ने सभी से जानवरों के प्रति क्रूरता न करने और बेघर जानवरों को आश्रय देने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन महोत्सव के कल तीसरे दिन प्रदर्शनी मैदान में भारी भीड़ देखी गई। सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वारा कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित यह पांच दिवसीय उत्सव का कल समापन होगा। इस अवसर पर मुख्य भूमि और द्वीपों के कलाकारों ने नृत्य, संगीत और बैंड प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इसमें पश्चिम बंगाल का 'झुमुर', गुजरात का 'रास', छत्तीसगढ़ के लोक नृत्य और जम्मू–कश्मीर के कलाकारों की प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। मेले में विभिन्न राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगे हैं। साथ ही, विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए हैं। यह उत्सव द्वीपों के अन्य हिस्सों में भी आयोजित किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से एम.वी. स्वराज द्वीप की बैरन द्वीप के लिए 'न्यू ईयर वॉयेज' की सेवा उपलब्ध की गई है। यात्री कल इस विशेष यात्रा का आनंद ले सकेंगे। जहाज पर संगीत के साथ स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां और मनोरंजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा के लिए टिकट विभाग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं, जो सातों दिन 24 घंटे उपलब्ध है। यात्रियों की सुविधा के लिए पोर्टल से सीधे जुड़ने वाला एक क्यू आर कोड भी दिया गया है।

<><><><><><><>

एम.वी. स्वराज द्वीप 2 जनवरी को सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामान को चढ़ाने का कार्य पहली जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। सामानों की बुकिंग कमर्शियल विंग में पहले से करना अनिवार्य है। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य जहाज रवानगी के दिन सुबह 8 बजे से 9 बजे तक किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी ने हाल ही में अपना 140वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण समारोह के साथ हुई, जिसमें प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदर ने कांग्रेस का झंडा फहराया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने सभा को संबोधित करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की समृद्ध विरासत, स्वतंत्रता संग्राम में इसके योगदान और संवैधानिक मूल्यों, लोकतंत्र एवं जनता के अधिकारों की रक्षा के प्रति पार्टी की निरंतर प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

### समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स ने उप–राष्ट्रपति के 30वें दीक्षांत को संबोधित करते हुए स्नातकों से 2047 में विकसित भारत की जिम्मेदारी उठाने के आग्रह के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है, वहीं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वारा प्रथम ध्वजारोहण की 82वीं वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन करने के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रमुखता से छापा है। इसके अलावा अखबार ने द्वीप पर्यटन महोत्सव के भव्य आयोजन और नववर्ष के अवसर पर एम वी स्वराजद्वीप की कल की बैरन द्वीप की यात्रा के समाचार को भी प्रमुखता दी है।

द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने अंडमान निकोबार क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 140वां स्थापना दिवस मनाए जाने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। नीलाम्बुर और मिडिल स्ट्रेट के बीच वाहन फेरी सेवाओं की अपर्याप्ता से हो रही परेशानियों के समाचार को द इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है, जबकि स्मृति मंधाना के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे होने के समाचार को इंफो इंडिया ने अपने खेल पृष्ठ में प्रकाशित किया है ।

<><><><><><><>